Name : ......................................................................................................................

Roll No. : ..............................................

# नवीन पाठ्यक्रम / New Syllabus

कुल प्रश्नों की संख्या : **17+6+6=29** ]
Total No. of Questions : **17+6+6=29** ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **19**
[ Total No. of Printed Pages : **19**

# K-202301–A

## विषय : लेखाशास्त्र

## Subject : Accountancy

समय : **3 घण्टे** ]
Time : **3 hours** ]

[ पूर्णांक : **80**
[ Maximum Marks : **80**

***महत्वपूर्ण निर्देश*** :
***Important Instructions*** :

(*i*) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है—(अ), (ब) एवं (स)।
Question paper is divided in three Sections–(A), (B) and (C).

(*ii*) खण्ड (*अ*) के **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
**All** questions of Section (A) are compulsory.

(*iii*) खण्ड (ब) एवं (स) में से कोई भी **एक** खण्ड हल करना है।
Solve any **one** section from Sections (B) and (C).

(*iv*) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।
Write all answers of each section in same place.

(*v*) अधिकतम शब्द-सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए है।
Maximum word-limit is only for the theoretical questions.

## खण्ड-( अ ) / Section-(A)

## साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन
## (Partnership Firms and Company Accounting)

***निर्देश*** : खण्ड-(अ) के सभी प्रश्न सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक **1** से **6** तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में देना है तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न भी हैं।

***Instruction*** : All questions of Section-(A) are compulsory for all students. Question Nos. **1** to **6** are very short answer type questions carrying 1 mark each. Answer these questions in *1* word or *1* sentence and also include objective type questions.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

Objective type questions :

**प्रश्न-1** साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारों में लाभ-हानि का विभाजन होता है : [1]

( *अ*) पूँजी अनुपात में

( *ब*) त्याग अनुपात में

( *स*) समान अनुपात में

( द) इनमें से कोई नहीं

In the absence of Partnership Deed, profit/loss is distributed among partners :

(*a*) in capital ratio

(*b*) in sacrificing ratio

(*c*) in equal ratio

(*d*) None of these

**प्रश्न-2** कम्पनी के स्वामी होते हैं : [1]

( *अ*) अंशधारी

( *ब*) ऋणपत्रधारी

( *स*) संचालक

( द) इनमें से कोई नहीं

Owners of a company are :

(*a*) Shareholders

(*b*) Debenture-holders

(*c*) Directors

(*d*) None of these

**प्रश्न-3** वसूली खाता में होने वाला लाभ, साझेदारों के किस खाते में क्रेडिट किया जाता है ? [1]

(*अ*) बैंक खाता

(*ब*) पूँजी खाता

(*स*) पुनर्मूल्यांकन खाता

(द) ऋण खाता

Realization profit is credited in partner's which account?

(*a*) Bank A/c.

(*b*) Capital A/c.

(*c*) Revaluation A/c.

(*d*) Loan A/c.

**प्रश्न-4** ख्याति किस प्रकार की संपत्ति है ? [1]

What type of asset is Goodwill?

**प्रश्न-5** पूँजी संचय चिट्ठे में किस ओर दर्शाया जाता है ? [1]

In which side of balance sheet capital reserve is shown?

**प्रश्न-6** मृतक साझेदार की देय राशि का भुगतान किसे किया जाता है ? [1]

To whom the due amount is paid in case of death of a partner?

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **7** से **10** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है।

***Instruction*** : Question Nos. **7** to **10** are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word-limit of answer is *50* words.

**प्रश्न-7** एक कंपनी ने 20 रु. वाले 25000 समता अंश निर्गमित किए। सम्पूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [1½+1½=3]

A company issued 25000 equity shares of Rs. 20 each. All the amounts have been received in lump-sum. Pass Journal Entries in the books of the company.

**प्रश्न-8** जैन लिमिटेड ने 100 रु. वाले अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए थे, भुगतान इस प्रकार था—20 रु. आवेदन पर, 30 रु. आबंटन पर (प्रीमियम सहित) तथा 20 रु. प्रथम माँग पर। आशीष जो 50 अंश का मालिक है, ने आबंटन और प्रथम याचना का भुगतान नहीं किया। कंपनी ने उनके अंश जब्त कर लिये। कंपनी की पुस्तक में अंशहरण पर की जाने वाली प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

Jain Ltd. issued equity shares of Rs. 100 each at 10% premium, payable Rs. 20 on application, Rs. 30 on allotment (including premium) and Rs. 20 on first call. Ashish, holder of 50 shares failed to pay allotment and first call money. His shares were forfeited.
Pass Journal Entries related to forfeiture of shares in company's book.

**प्रश्न-9** नये साझेदार को प्रवेश देने की आवश्यकता के तीन कारण लिखिए। [1+1+1=3]

Write three reasons to give admission to a new partner.

**प्रश्न-10** आशिष लिमिटेड ने एक भवन 1,90,000 रु. में खरीदा। क्रय प्रतिफल स्वरूप 100 रु वाले अंश 5% बट्टे पर निर्गमित किए। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [1+2=3]

Ashish Ltd. bought a building for Rs. 1,90,000. As its payment it issued equity shares of Rs. 100 fully paid at 5% discount.
Pass necessary entries in the journal of the company.

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **11** एवं **12** लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *75* शब्द है।

***Instruction*** : Question Nos. **11** and **12** are short answer type questions. Each question carries 4 marks and has internal choice. Maximum word-limit of answer is *75* words.

**प्रश्न-11** त्याग अनुपात और लाभ-प्राप्ति अनुपात में अंतर लिखिए (कोई ***चार***)। [1+1+1+1=4]
Differentiate between Sacrificing ratio and Gaining ratio (any ***four***).

***अथवा***

***OR***

साझेदारी की किन्हीं चार विशेषताओं को समझाइए।
Explain any four characteristics of Partnership.

**प्रश्न-12** *A, B* और *C* साझेदार हैं। 31 मार्च, 2018 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित था :

| दायित्व | राशि (रु.) | सम्पत्तियाँ | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 3,000 | मशीनरी | 1,200 |
| पूँजी : | | फर्नीचर | 400 |
| *A* – 2,000 रु. | | स्कंध | 2,650 |
| *B* – 1,750 रु. | | देनदार | 3,780 |
| *C* – 1,500 रु. | 5,250 | रोकड़ | 220 |
| | **8,250** | | **8,250** |

1 अप्रैल, 2018 को वे *D* को बराबर की साझेदारी में प्रवेश देने के लिए निम्न शर्तों पर सहमत होते हैं—

(*i*) वह 1,500 रु. ख्याति के लिए तथा 1,800 रु. पूँजी के लिए नगद लायेगा।

(*ii*) मशीनरी एवं फर्नीचर का मूल्य क्रमश: 950 रु. और 380 रु. आँका गया।

(*iii*) स्कंध का मूल्य 450 रु. बढ़ाया गया।

लाभ-हानि समायोजन खाता बनाइए। [4]

*A*, *B* and *C* are partners. Their Balance Sheet as on 31 March, 2018 was as under :

| Liabilities | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 3,000 | Machinery | 1,200 |
| Capitals : | | Furniture | 400 |
| *A* - Rs. 2,000 | | Stock | 2,650 |
| *B* - Rs. 1,750 | | Debtors | 3,780 |
| *C* - Rs. 1,500 | 5,250 | Cash | 220 |
| | **8,250** | | **8,250** |

On 1st April, 2018, they admitted *D* for equal shares on the following conditions–

(*i*) He will bring Rs. 1,500 for Goodwill and Rs. 1,800 for Capital in cash.

(*ii*) Machinery and Furniture were valued Rs. 950 and Rs. 380 respectively.

(*iii*) Value of stock be increased by Rs. 450.

Prepare Profit and Loss Adjustment Account.

***अथवा***

***OR***

राम और श्याम एक फर्म में साझेदार हैं। 1 जनवरी, 2018 को उनकी पूँजी क्रमश: 25,000 रु. और 20,000 रु. थी। उन्हें पूँजी पर 8% प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाता है तथा उनके आहरणों पर 12% ब्याज लगाया जाता है। राम ने 1 जुलाई, 2018 को 10,000 रु. फर्म को ऋण के रूप में दिए। श्याम 5,000 रु. वार्षिक वेतन का अधिकारी है। उनके आहरणों पर ब्याज क्रमश: 600 रु. व 500 रु. लगाया गया। 31 दिसंबर, 2018 को समाप्त वर्ष का लाभ उपर्युक्त समायोजन के पूर्व 25,000 रु. था। वर्ष 2018 का लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

Ram and Shyam are partners in a firm whose capitals on 1st January, 2018 were Rs. 25,000 and Rs. 20,000 respectively. They are allowed interest on capital @ 8% p.a. and interest on drawings is charged @ 12% p.a. Ram gave Rs. 10,000 to the firm as a loan on 1st July, 2018. Shyam is entitled to get an annual salary of Rs. 5,000. Interests charged on their drawings were Rs. 600 and Rs. 500 respectively. The profit for the year ended on 31st December, 2018 before making above adjustments was Rs. 25,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year 2018.

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **13** से **15** तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **13** to **15** are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-13** एक फर्म में *L, M* और *N* बराबर के साझेदार हैं। 31 दिसंबर, 2014 को *M* की मृत्यु हो गई। इस तिथि पर उसे 20,000 रुय देय थी। यह निर्णय लिया गया कि यह राशि 5,000 रु. की वार्षिकी द्वारा प्रति वर्ष भुगतान की जाएगी। प्रथम भुगतान 1 जनवरी, 2015 को दिया गया तथा प्रति वर्ष अन्य भुगतान भी 1 जनवरी को किए गए। *M* के उत्तराधिकारी की मृत्यु 2 जनवरी, 2017 को हो गई। प्रति वर्ष वार्षिक शेष पर 6% वार्षिक की दर से ब्याज की गणना की जाती है। वार्षिकी उचन्त खाता बनाइए। [2+2+2=6]

*L*, *M* and *N* are equal partners in a firm. *M* died on 31 December, 2014. On this date, amount payable to him was Rs. 20,000. It was decided that this amount will be paid by annuity of Rs. 5,000 to be paid each year. The first payment was made on 1st January, 2015 and other payments were also made on 1st January every year. On 2nd January, 2017 his legal representative died. Interest was allowed @ 6% p.a. on balance amount. Prepare Annuity Suspense Account.

***अथवा***

***OR***

*X, Y* और *Z* एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभ-हानि का विभाजन 3 : 2 : 1 के अनुपात में करते हैं। 1 जनवरी, 2014 को *X* अवकाश ग्रहण करता है। उस तिथि पर उसे 20,000 रु. देय थी। यह निर्णय लिया गया कि यह राशि 3,000 रु. की वार्षिकी द्वारा भुगतान की जायेगी। प्रथम भुगतान 1 जनवरी, 2015 को दिया गया तथा प्रति वर्ष अन्य भुगतान भी 1 जनवरी को किया गया। 2 जनवरी, 2018 को *X* की मृत्यु हो जाती है। प्रति वर्ष वार्षिकी शेष पर 6% वार्षिक की दर से ब्याज की गणना की जाती है।
वार्षिकी उचन्त खाता बनाइए। [1½+1½+1½+1½=6]

*X*, *Y* and *Z* are partners of a firm sharing profit and loss in the ratio of 3 : 2 : 1. On 1st January, 2014, *X* retires from the firm. On this day share of amount payable to him was Rs. 20,000. It was decided that this amount will be paid by annuity of Rs. 3,000 to be paid each year. The first payment was made on 1st January, 2015 and other payments were also made on 1st January every year. On 2nd January, 2018, *X* died. Interest was allowed @ 6% p.a. on balance amount. Prepare Annuity Suspense Account.

**प्रश्न-14** *X* और *Y* एक फर्म के साझेदार हैं। फर्म के विघटन पर निम्नलिखित व्यवहारों के लिए पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए : [1+1+1+1+1+1=6]

(*i*) एक अप्रविष्टि सम्पत्ति की वसूली राशि 8,000 रु.।

(*ii*) लेनदारों को 3,000 रु. नगद में चुकाए।

(*iii*) स्कंध जिसे वसूली खाते में स्थानांतरित किया जा चुका है, 2,000 रु. में बेचा गया।

(*iv*) विनियोगों से 10,000 रु. वसूल हुए।

(*v*) विघटन व्यय के 800 रु. चुकाए गए।

(*vi*) वसूली खाते के लाभ 6,000 रु. *X* और *Y* में 3 : 1 में वितरित किया जाता है।

*X* and *Y* are partners in a firm. Pass Journal Entries when the firm is dissolved on the following conditions :

(*i*) Amount realized from an unrecorded asset Rs. 8,000.

(*ii*) Rs. 3,000 were paid in cash to creditors.

(*iii*) Stock transferred to Realization Account was sold for Rs. 2,000.

(*iv*) Rs. 10,000 were realized from investments.

(*v*) Dissolution expenses paid Rs. 800.

(*vi*) Profit on realization Rs. 6,000 is shared by *X* and *Y* in the ratio of 3 : 1.

***अथवा***

***OR***

एक फर्म के विघटन के निम्नलिखित सूचनाओं से पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए :

(*i*) एक अलिखित संपत्ति से वसूल हुआ 1,500 रु.।

(*ii*) वसूली व्यय के 1,000 रु. चुकाए।

(*iii*) देनदार जिसे वसूली खाते में स्थानांतरित किया जा चुका है, से 48,000 रु. वसूल किया गया।

(*iv*) 7,100 रु. मूल्य का रहतिया जिसे वसूली खाते में स्थानांतरित किया जा चुका है, को एक साझेदार *B* ने 5,000 रु. में ले लिया।

(*v*) लेनदार जिसे वसूली खाते में स्थानांतरित किया जा चुका है, को 30,000 रु. भुगतान किया।

(*vi*) वसूली खाते का लाभ 12,000 रु. *B* और *D* में 7 : 5 के अनुपात में बाँटा गया।

Pass Journal Entries on the dissolution of a firm from the given informations :

(*i*) Rs. 1,500 realized from an unrecorded asset.

(*ii*) Paid dissolution expenses Rs. 1,000.

(*iii*) Debtors transferred to Realization Account realised Rs. 48,000.

(*iv*) Stock Rs. 7,100 transferred to Realization Account was taken over by a partner *B* for Rs. 5,000.

(*v*) Creditors transferred to Realization Account paid off Rs. 30,000.

(*vi*) Realization profit Rs. 12,000 to be distributed among *B* and *D* in the ratio of 7 : 5.

**प्रश्न–15** जैन लिमिटेड ने 100 रु. वाले 4000, 5% ऋणपत्र 10 रु. प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निम्न प्रकार निर्गमित किए—आवेदन पर 20 रु., आबंटन पर 50 रु. (प्रीमियम सहित) तथा शेष याचना पर। सभी ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। सभी राशि यथासमय प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [1+1+1+1+1+1=6]

Jain Limited issued 4000, 5% debentures of Rs. 100 each at a premium of Rs. 10 per debenture payable–Rs. 20 on application, Rs. 50 on allotment (including premium) and balance on call. Applications were received for all debentures. All money were duly received. Pass Journal Entries in the books of the company.

***अथवा***

***OR***

गोयल लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10000 समता अंश, 2 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए। राशि निम्न प्रकार देय थी—आवेदन पर 3 रु. प्रति अंश, आबंटन पर 5 रु. (प्रीमियम सहित) प्रति अंश तथा शेष याचना पर। सभी राशि यथासमय प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

Goyal Ltd. issued 10000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share. Amount payable—Rs. 3 per share on application, Rs. 5 per share on allotment (including premium) and balance on call. All amount were duly received. Pass Journal Entries in the books of the company.

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **16** एवं **17** संख्यात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **16** and **17** are numerical questions. Each question carries 8 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न–16** एक लिमिटेड कंपनी ने 10 रु. वाले 10000 अंश, 4 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए। राशि निम्न प्रकार माँगी गई :

आवेदन पर 4 रु. प्रति अंश (प्रीमियम 1 रु.)

आबंटन पर 3 रु. प्रति अंश (प्रीमियम 1 रु.)

प्रथम याचना पर 4 रु. प्रति अंश (प्रीमियम 1 रु.)

अंतिम याचना पर 3 रु. प्रति अंश (प्रीमियम 1 रु.)

सभी राशियाँ समय पर प्राप्त हो गईं। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [1+1+1+1+1+1+1+1=8]

A limited company issued 10000 shares of Rs. 10 each, payable at premium of Rs. 4 per share. Amount payable as :

On Application Rs. 4 per share (including premium Re. 1)

On Allotment Rs. 3 per share (including premium Re. 1)

On First Call Rs. 4 per share (including premium Re. 1)

On Final Call Rs. 3 per share (including premium Re. 1)

All amounts were duly received. Pass necessary Journal Entries in the books of the company.

***अथवा***

***OR***

समता लिमिटेड ने 100 रु. वाले 10000, 8% ऋणपत्र निर्गमित किए। आवेदन पर 10 रु, आबंटन पर 20 रु., प्रथम याचना पर 40 रु. तथा अंतिम याचना पर 30 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से राशि मांगी गई। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं।
कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

Samta Limited issued 10000, 8% debentures of Rs. 100 each. Amount payable Rs. 10 on application, Rs. 20 on allotment, Rs. 40 on first call and Rs. 30 per debenture on final call. All amounts were duly received. Pass Journal Entries in the books of the company.

**प्रश्न-17** *X* और *Y* एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ-हानि का विभाजन 3:1 के अनुपात में करते हैं। उन्होंने 31 दिसंबर, 2017 को साझेदारी समाप्त करने का निश्चय किया। उनका चिट्ठा निम्नानुसार था :

| **दायित्व** | **राशि (रु.)** | **संपत्तियाँ** | **राशि (रु.)** |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 2,700 | बैंक में रोकड़ | 3,000 |
| सामान्य संचय | 3,000 | देनदार | 1,000 |
| *Y* का ऋण | 3,000 | प्लाण्ट | 19,700 |
| पूँजी : *X* 12,000 रु. | | भवन | 9,000 |
| *Y* 12,000 रु. | 24,000 | | |
| | **32,700** | | **32,700** |

सम्पत्तियों से निम्न वसूली हुई :

देनदार 900 रु., प्लाण्ट 18,000 रु. तथा भवन 7,200 रु.। लेनदार के कुल भुगतान में 2,600 रु. दिया गया, वसूली व्यय 500 रु. हुए।

वसूली खाता एवं साझेदारों का पूँजी खाता बनाइए। [5+3=8]

*X* and *Y* are partners in a firm sharing profit and loss in the ratio of 3 : 1. They decided to dissolve the firm on 31 December, 2017. Their balance sheet was as follows :

| **Liabilities** | **Amount (Rs.)** | **Assets** | **Amount (Rs.)** |
|---|---|---|---|
| Creditors | 2,700 | Cash at Bank | 3,000 |
| General Reserve | 3,000 | Debtors | 1,000 |
| *Y*'s Loan | 3,000 | Plant | 19,700 |
| Capital : *X* Rs. 12,000 | | Buildings | 9,000 |
| *Y* Rs. 12,000 | 24,000 | | |
| | **32,700** | | **32,700** |

Following were realized from assets :

Debtors Rs. 900, Plant Rs. 18,000, Buildings Rs. 7,200, Creditors were paid Rs. 2,600 in full settlement, Dissolution expenses paid Rs. 500.

Prepare Realization Account and Partner's Capital Account.

***अथवा***

***OR***

राम, लक्ष्मण और भारत एक फर्म में साझेदार हैं, जो लाभ-हानि का विभाजन $1/2$, $1/3$ और $1/6$ के अनुपात में करते हैं। 31 दिसंबर, 2016 को उनका चिट्ठा निम्नानुसार था :

| **दायित्व** | **राशि (रु.)** | **संपत्तियाँ** | **राशि (रु.)** |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 8,000 | रोकड़ | 15,600 |
| बैंक अधिविकर्ष | 3,600 | विविध देनदार | 13,000 |
| सामान्य संचय | 12,000 | स्कंध | 17,000 |
| पूँजी : | | संयंत्र | 3,000 |
| राम – 20,000 रु. | | उपस्कर | 3,500 |
| लक्ष्मण – 10,000 रु. | | भवन | 11,500 |
| भारत – 10,000 रु. | 40,000 | | |
| | **63,600** | | **63,600** |

भारत ने उस दिन अवकाश ग्रहण किया तथा इस संबंध में निम्नलिखित समायोजन निश्चित हुए :

(*i*) स्कंध के मूल्य में 10% वृद्धि की जाए।

(*ii*) संयंत्रों पर 5% घटौती अपलिखित की जाए।

(*iii*) देनदारों पर 5% डूबत ऋण संचय बनाया जाए।

(*iv*) फर्म की ख्याति का मूल्य 12,000 रु. है।

आपको 31 दिसंबर, 2016 को पुनर्मूल्यांकन खाता और साझेदारों के पूँजी खाता बनाना है। [4+4=8]

Ram, Laxman and Bharat are partners in a firm sharing profit and loss in the ratio of 1/2, 1/3 and 1/6 respectively. On 31 December, 2016 their balance sheet was as follows :

| Liabilities | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 8,000 | Cash | 15,600 |
| Bank Overdraft | 3,600 | Sundry Debtors | 13,000 |
| General Reserve | 12,000 | Stock | 17,000 |
| Capital : | | Machinery | 3,000 |
| Ram - Rs.20,000 | | Furniture | 3,500 |
| Laxman - Rs. 10,000 | | Buildings | 11,500 |
| Bharat - Rs. 10,000 | 40,000 | | |
| | **63,600** | | **63,600** |

Bharat retired on that date and following adjustments were decided :

(*i*) Value of Stock was increased by 10%.

(*ii*) Depreciate Machinery by 5%.

(*iii*) Create reserve for bad debt at 5% on debtors.

(*iv*) Value of Goodwill of the firm is Rs. 12,000.

Prepare Revaluation Account and Partner's Capital Account for the year ending 31 December, 2016.

## खण्ड-( ब ) / Section-(B)
## वित्तीय विवरणों का विश्लेषण
## (Analysis of Financial Statement)

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक **18** एवं **19** अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

***Instruction*** : Question Nos. **18** and **19** are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

**प्रश्न-18** सही विकल्प चुनिए : [1]

Choose the correct option :

आर्थिक चिट्ठा कहलाता है :

(*अ*) संपत्तियों का विवरण
(*ब*) दायित्वों का विवरण
(*स*) स्थिति विवरण
(*द*) आय विवरण

Balance Sheet is called :

(*a*) Statement of assets
(*b*) Statement of liabilities
(*c*) Position statement
(*d*) Income statement

**प्रश्न-19** चालू अनुपात गणना हेतु सूत्र लिखिए। [1]

Write the formula to calculate current ratio.

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक **20** से **22** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **20** to **22** are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-20** रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई चार उद्देश्य लिखिए। [1+1+1+1=4]

Explain any four objectives of Cash Flow Statement.

***अथवा***

***OR***

रोकड़ प्रवाह विवरण और कोष प्रवाह विवरण में अंतर लिखिए (कोई ***चार***)।

Differentiate between cash flow statement and Fund Flow Statement (any ***four***).

**प्रश्न-21** निम्नलिखित विवरणों से प्रचालन से प्राप्त रोकड़ की गणना कीजिए : [4]

| विवरण | वर्ष 2017 ( रु. ) | वर्ष 2016 ( रु. ) |
|---|---|---|
| देनदार | 15,000 | 12,000 |
| अदत्त व्यय | 3,000 | 1,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 2,000 | 2,500 |
| लेनदार | 13,000 | 15,000 |

वर्ष 2017 के दौरान लाभ हुआ 25,000 रु.।

From the following information, calculate Cash Flow from operating activities :

| Particulars | Year 2017 (Rs.) | Year 2016 (Rs.) |
|---|---|---|
| Debtors | 15,000 | 12,000 |
| Outstanding Expenses | 3,000 | 1,000 |
| Prepaid Expenses | 2,000 | 2,500 |
| Creditors | 13,000 | 15,000 |

Profit during the year 2017 was Rs. 25,000.

***अथवा***
***OR***

निम्न सूचनाओं से संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| विवरण | 31-3-2017 ( रु. ) | 31-3-2018 ( रु. ) |
|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | 1,20,000 | 1,10,000 |
| देनदार | 62,000 | 50,000 |
| अदत्त किराया | 42,000 | 24,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 4,000 | 8,000 |
| लेनदार | 38,000 | 26,000 |
| ख्याति | 76,000 | 80,000 |

Calculate Cash Flow Statement from the following information :

| **Particulars** | **31-3-2017 (Rs.)** | **31-3-2018 (Rs.)** |
|---|---|---|
| Profit and Loss A/c. | 1,20,000 | 1,10,000 |
| Debtors | 62,000 | 50,000 |
| Outstanding Rent | 42,000 | 24,000 |
| Prepaid Insurance | 4,000 | 8,000 |
| Creditors | 38,000 | 26,000 |
| Goodwill | 76,000 | 80,000 |

**प्रश्न-22** निम्नलिखित सूचनाओं से चालू अनुपात ज्ञात कीजिए : [4]

स्कंध (स्टॉक) 26,000 रु., देनदार 20,000 रु., प्राप्त विपत्र 6,000 रु., अग्रिम कर चुकाया 3,000 रु., हस्तगत रोकड़ 20,000 रु., लेनदार 30,000 रु., देय विपत्र 18,000 रु, बैंक अधिविकर्ष 2,000 रु.

From the given information, calculate Current Ratio :

Stock Rs. 26,000, Debtors Rs. 20,000, Bills Receivable Rs. 6,000, Advance Tax paid Rs. 3,000, Cash in hand Rs. 20,000, Creditors Rs. 30,000, Bills Payable Rs. 18,000, Bank Overdraft Rs. 2,000.

***अथवा***

***OR***

निम्न सूचनाओं से तरल अनुपात की गणना कीजिए :

चालू देयताएँ 1,40,000 रु., कार्यशील पूँजी 1,80,000 रु.,

लेनदार 3,000 रु., स्टॉक 1,10,000 रु.

Calculate Quick Ratio from the following details :

Current liabilities Rs. 1,40,000, Working capital Rs.1,80,000,

Creditors Rs. 3,000, Stock Rs. 1,10,000.

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक **23** दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है तथा आंतरिक विकल्प उपलब्ध है।

***Instruction*** : Question No. **23** is long answer type question. This question carries 6 marks and it has an internal choice.

**प्रश्न–23** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की सीमाएँ समझाइए (कोई ***छः***)। [1+1+1+1+1+1=6]

Explain the limitations of analysis of financial statements (any ***six***).

***अथवा***

***OR***

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्व समझाइए (कोई ***छः***)।

Explain the importance of analysis of financial statement (any ***six***).

**खण्ड-( स ) / Section-(C)**

**कम्प्यूटर लेखांकन**

**(Computer Accounting)**

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक **18** एवं **19** अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

***Instruction*** : Question Nos. **18** and **19** are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

**प्रश्न–18** सही विकल्प चुनिए : [1]

Choose the correct option :

DBA कहलाता है :

(*अ*) डाटाबेस का आधार

(*ब*) डाटाबेस एप्लिकेशन

(*स*) डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन

(*द*) डाटाबेस एडमिन

DBA is called :

(*a*) Base of Database

(*b*) Database Application

(*c*) Database Administration

(*d*) Database Admin

**प्रश्न-19** कम्प्यूटर में हार्डवेयर का कोई दो उदाहरण लिखिए। [½+½=1]

Write any two examples of hardware of computer.

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **20** से **22** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है और उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *75* शब्द है।

***Instruction*** : Question Nos. **20** to **22** are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice. Maximum word-limit of each answer is *75* words.

**प्रश्न-20** डाटाबेस प्रबंध प्रणाली के विभिन्न अनुप्रयोगों को समझाइए (कोई ***चार***)। [1+1+1+1=4]

Explain various applications of Database Management System (any ***four***).

***अथवा / OR***

डाटाबेस प्रबंध प्रणाली के कोइ चार लाभ समझाइए।

Explain any four advantages of Database Management System.

**प्रश्न-21** इलेक्ट्रॉनिक विस्तार-पत्र की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write any four characteristics of Electronic Spreadsheet.

***अथवा / OR***

इलेक्ट्रॉनिक विस्तार-पत्र की कोई चार उपयोगिताएँ लिखिए।

Write any four utilities of Electronic Spreadsheet.

**प्रश्न-22** कम्प्यूटर की किन्हीं चार प्रमुख विशेषताओं को समझाइए। [1+1+1+1=4]

Explain any four main characteristics of computer.

***अथवा / OR***

कम्प्यूटर की कार्यक्षमता के अनुसार वर्गीकरण समझाइए।

Explain types of computer on the basis of functionality.

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **23** दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। इस प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *125* शब्द है।

***Instruction*** : Question No. **23** is long answer type question. It has been allotted 6 marks. It has an internal choice. Maximum word-limit of answer is *125* words.

**प्रश्न-23** किसी भी प्रकार के लेखांकन पैकेज सॉफ्टवेयर लेने से पूर्व ध्यान में रखने योग्य बातें लिखिए (कोई ***छः***)। [1+1+1+1+1+1=6]

Write the points which should be kept in mind before taking any kind of accounting package software (any ***six***).

***अथवा / OR***

पे-रोल के घटकों को समझाइए (कोई ***छः***)।

Explain the factors of Pay-roll (any ***six***).

..........